>

Title: Implementation of 'Har Ghar Jal' scheme in Ambedkar Nagar Parliamentary Constituency, U.P.

श्री रितेश पाण्डेय (अम्बेडकर नगर): महोदया, बहुत-बहुत धन्यवाद । आज जल दिवस के अवसर पर मैं भी अपने क्षेत्र की जल से संबंधित समस्या को आपके माध्यम से सदन के पटल पर रखना चाहता हूं । हाल ही में हर घर जल एक स्कीम लाँच की गई है, जिसके लिए एक बहुत ही बड़े धन का आबंटन बजट में भी किया गया है । यह स्कीम पिछले साल भी थी । इस बार भी इसमें बहुत बड़ा आबंटन किया गया है । स्थिति यह है कि मेरे क्षेत्र अम्‌बेडकर नगर में, सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत मैंने जिन ग्रामों को चुना था, वहां पर पानी की व्यवस्था को और सुदृढ़ होना चाहिए था, वहां तक इस योजना का लाभ नहीं पहुंच पाया है । मेरे क्षेत्र में हजारों की तादाद में रोज लोग आते हैं और फोन करते हैं कि हमें एक नल की व्यवस्था कराई जाए । मैं बार-बार हर घर नल की स्कीम के बारे में बताता हूं, लेकिन मेरे क्षेत्र के स्थानीय प्रशासन द्वारा या उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इस योजना का कोई भी प्लान या एक रोड मैप बनाकर ब्लू प्रिंट यहां मंत्रालय को नहीं भेजा जा रहा है । बार-बार मंत्री जी के बोलने के बाद भी उसके ऊपर कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाये जा रहे हैं ।

मैडम, मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि आप माननीय मंत्री जी को निर्देशित करें कि वहां लोकल अथॉरिटी या लोकल प्रशासन से बात करें, उत्तर प्रदेश शासन से बात करें और इस योजना का सबसे पहले मेरे क्षेत्र अम्बेडकर नगर, उत्तर प्रदेश में लाभ मिलने का काम हो, बहुत-बहुत धन्यवाद ।